SECTION II

HINDI VERSION

(In case of any translation related ambiguity in question, English Version will hold good)

1. जबड़ों का जाम होना (Lockjaw) किस बिमारी का लक्षण है ?

   (A) टेटनेस (Tetanus)
   (B) हैज़ा (Cholera)
   (C) प्लेग (Plague)
   (D) डिफथिरिया (Diphtheria)

2. इनमें से कौनसा पर्यटक स्थल एक द्वीप पर स्थित है ?

   (A) ऐलोरा गुफायें
   (B) अजन्ता गुफायें
   (C) कनहेरी गुफायें
   (D) ऐलिफेंटा गुफायें

3. मराठी में 'सामना' और हिन्दी में 'दोपहर का सामना' समाचार पत्रों को किसने प्रारम्भ किया था ?

   (A) शरद पवार
   (B) बाल ठाकरे
   (C) वसन्तराव चव्हान
   (D) विलास राव देशमुख

4. किस तापमान पर फारेनहाइट (Fahrenheit) और सेल्सियस (Celsius) स्केल एक ही पठनांक (reading) को दर्शाता है ?

   (A) – 60 डिग्री
   (B) 40 डिग्री
   (C) 80 डिग्री
   (D) – 40 डिग्री

5. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में किस जानवर के संरक्षण कार्यक्रम का जिम्मा लिया गया है ?

   (A) शेर
   (B) बारासिंघा
   (C) जंगली गधा
   (D) हाथी

6. फूलों की घाटी कहां स्थित है ?

   (A) नीलगिरि में
   (B) अरावली में
   (C) गढ़वाल हिमालयों में
   (D) सिक्किम में

7. भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार कौनसा है ?

   (A) भारत रत्न
   (B) पद्म भूषण
   (C) पद्म विभूषण
   (D) परमवीर चक्र

8. किस हवाई वाहक कंपनी को टाटा सन्स (Tata Sons) के साथ संयुक्त उद्यम में भारत में एक क्षेत्रीय एअरलाईन शुरू करने की अनुमति दी गई ?

(A) ऐतिहाद (Etihad)
(B) गो एअर (Go Air)
(C) एअर ऐशिया (Air Asia)
(D) किंगफिशर (Kingfisher)

9. माइकल फैल्प्स (Michael Phelps) किस खेल से सम्बद्ध है ?

(A) तैराकी (Swimming)
(B) क्रिकेट (Cricket)
(C) जिम्नास्टिक (Gymnastics)
(D) शूटिंग (Shooting)

10. भारत में पहली बार तोप का उपयोग किसने किया था ?

(A) फ्रांसिसीयों ने
(B) पुर्तगालियों ने
(C) स्पेनिशों ने
(D) बाबर ने

11. $\sqrt{0.000441}$ का मान है :

(A) 0.00021
(B) 0.0021
(C) 0.021
(D) 0.21

12. 294 को किस छोटी से छोटी संख्या से गुणा करें कि गुणनफल एक पूर्ण वर्ग हो :

(A) 2
(B) 3
(C) 6
(D) 24

13. 50 संख्याओं का औसत 36 ज्ञात किया गया। बाद में पता चला कि एक संख्या 48 के स्थान पर 23 ले ली गई। शुद्ध औसत क्या है ?

(A) 35.2
(B) 36.1
(C) 36.5
(D) 39.1

14. एक व्यक्ति एवं उसके पुत्र की वर्तमान आयुओं का योग 45 वर्ष है। पाँच वर्ष पूर्व, उनकी आयुओं का गुणनफल 34 था। उसके पुत्र तथा उस व्यक्ति की वर्तमान आयु हैं क्रमश :

(A) 6 और 39 वर्ष
(B) 7 और 38 वर्ष
(C) 9 और 36 वर्ष
(D) 11 और 34 वर्ष

15. 270 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठते हैं, जिनमें से 252 उत्तीर्ण होते हैं। पास प्रतिशतता है :

(A) 80%
(B) $83\frac{1}{2}\%$
(C) $90\frac{1}{3}\%$
(D) $93\frac{1}{3}\%$

16. एक विक्रेता एक रुपये की 6 टॉफियां खरीदता है। वह एक रुपये में कितनी टॉफियां बेचे कि उसे 20% का लाभ हो ?

(A) 3
(B) 4
(C) 5
(D) 6

17. एक वस्तु ₹144 में बेची गई। यदि लाभ की प्रतिशतता संख्यात्मक रूप से उसके क्रय–मूल्य के बराबर हो, तो वस्तु का क्रय–मूल्य कितना है ?

(A) ₹72
(B) ₹80
(C) ₹90
(D) ₹100

18. प्रतिदिन 8 घंटे कार्य करते हुए 3 पम्प एक टैंक को 2 दिनों में खाली करते हैं। उस टैंक को एक दिन में खाली करने के लिए 4 पम्प कितने घंटे प्रतिदिन कार्य करेंगे ?

(A) 9
(B) 10
(C) 11
(D) 12

19. एक ठेकेदार ने किसी कार्य को 40 दिन में पूरा करने का ठेका लिया। उसने आरम्भ में 100 व्यक्ति कार्य पर लगाये तथा 35 दिन बाद 100 व्यक्ति और लगाकर समय पर कार्य पूर्ण कर दिया। यदि वह अतिरिक्त व्यक्ति कार्यरत नहीं करता तो नियत समय से कितने दिन बाद कार्य समाप्त होता ?

(A) 3
(B) 5
(C) 6
(D) 9

20. A एक कार्य को 4 घंटे में, B तथा C मिलकर 3 घंटे में तथा A और C मिलकर उसे 2 घंटे में पूरा कर सकते हैं। B अकेला इस कार्य को कितने समय में पूरा करेगा ?

(A) 8 घंटे
(B) 10 घंटे
(C) 12 घंटे
(D) 24 घंटे

21. केवलादेव (Keoladeo) नैशनल पार्क कहां स्थित है ?

(A) भरतपुर
(B) आगरा
(C) जयपुर
(D) अजमेर

22. दी गई श्रृंखला में गलत संख्या को ज्ञात करें :

1, 2, 6, 15, 31, 56, 91

(A) 31 (B) 91

(C) 56 (D) 15

23. दी गई श्रृंखला में गलत संख्या को ज्ञात करें :

22, 33, 66, 99, 121, 279, 594

(A) 33 (B) 121

(C) 279 (D) 594

24. दी गई श्रृंखला में गलत संख्या को ज्ञात करें :

1, 8, 27, 64, 124, 216, 343

(A) 8 (B) 27

(C) 64 (D) 124

25. सौर मण्डल में सबसे छोटा वर्ष और सबसे बड़ा दिन किस ग्रह का होता है?

(A) बुध (Mercury) (B) मंगल (Mars)

(C) बृहस्पति (Jupiter) (D) नेपट्यून (Neptune)

26. एक फुट का बारहवां भाग किसके बराबर है ?

(A) एक सेंटीमीटर (B) एक मीटर

(C) एक इंच (D) एक गज

27. दूर–संचार में 1G, 2G, 3G और 4G में 'G' से क्या अभिप्राय है :

(A) गैजेट (Gadget) (B) पीढ़ी (Generation)

(C) जीओ स्टेशनरी (Geo-Stationary) (D) जीओमैट्रिक (Geometric)

28. इन पार्टियों में से किस पार्टी का चिन्ह (symbol) एक जीवित जानवर के आकार का है ?

(A) बहुजन समाज पार्टी (B) समाजवादी पार्टी

(C) नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (D) जनता दल (युनाइटिड)

29. इन नदियों में से किस नदी का उद्‌गम भारत में नहीं होता है ?

(A) रावी
(B) ब्रह्मापुत्र
(C) ब्यास
(D) गोमती

30. भारत सरकार के अधिनियम अनुसार शैक्षिक संस्थानों के 100 गज व्यासार्ध (radius) के अन्दर निम्न में से किस उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबन्ध है ?

(A) चॉकलेट
(B) शीतल पेय (Cold Drinks)
(C) तम्बाकू
(D) चाय

31. प्रथम नौ अभाज्य संख्याओं का औसत कितना है ?

(A) 9
(B) 11
(C) $11\frac{1}{9}$
(D) $11\frac{2}{9}$

32. 50 का 860% + 860 का 50% = ?

(A) 430
(B) 516
(C) 860
(D) 960

33. भारतीय रेल के लिये सवारी डिब्बों का निर्माण कहां होता है ?

(A) चितरंजन
(B) हुबली
(C) पेरंबूर
(D) वाराणसी

34. WAN से अभिप्राय है

(A) Width After Network
(B) Wide Area Network
(C) Work After Network
(D) Work Area Network

35. 'कविगुरू' किन्हें कहा जाता था :

(A) हरिवंश राय बच्चन
(B) रबिन्द्रनाथ टैगोर
(C) कालीदास
(D) सतेन्द्रनाथ टैगोर

36. राज मंदिर सिनेमा कहां स्थित है ?

(A) जयपुर (B) जोधपुर

(C) अजमेर (D) बीकानेर

37. भारत की ओर आने के लिए समुद्री मार्ग का पता किसने लगाया:

(A) अंग्रेजों ने (B) पुर्तगालों ने

(C) डचों ने (D) चीनियों ने

38. "रंगभूमि" के लेखक कौन हैं ?

(A) प्रेमचन्द (B) दिनकर

(C) निराला (D) गोरखपुरी

39. खून का थक्का बनाने में ..... विटामिन जिम्मेवार है ?

(A) ए (B) बी

(C) के (D) ई

40. "सिली प्वाइंट" शब्द ..... में इस्तेमाल होता है ।

(A) क्रिकेट (B) हॉकी

(C) बैडमिंटन (D) टेनिस

41. अमज़द अली खां ..... के मशहूर प्रतिपादक (exponent) हैं :

(A) गिटार (B) सरोद

(C) पियानो (D) तबला

42. भरतनाट्यम, शास्त्रीय नृत्य रूप का आरम्भ भारत के किस राज्य में हुआ ?

(A) कर्नाटक (B) मणिपुर

(C) तमिलनाडू (D) राजस्थान

43. स्वर्ण मन्दिर (Golden Temple) ..... राज्य में स्थित है ?

(A) हरियाणा (B) हिमाचल प्रदेश

(C) बिहार (D) पंजाब

44. निम्न में से कौनसा सांकेतिक रूप (abbreviation) भारत की राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी का नहीं है ?

(A) बसपा (BSP)
(B) यूपीऐ (UPA)
(C) भाजपा (BJP)
(D) एनसीपी (NCP)

45. यदि RANKLE को एक निश्चित सांकेतिक भाषा में ELKNAR कोड में लिखा जाए, तो बताएं कि BANGLE को उस सांकेतिक भाषा में कैसे कोड किया जाएगा ?

(A) ELGNAB
(B) ELGANB
(C) ELGNBA
(D) ELNGAB

46. यदि REACTION को एक निश्चित सांकेतिक भाषा में CAERNOIT कोड में लिखा जाए, तो बताएं कि PERFECTION को उस सांकेतिक भाषा में कैसे कोड किया जाएगा ?

(A) EFRPENOITC
(B) EFREPNOITC
(C) ERFEPNOITC
(D) EFREPNOICT

47. 0.0060 ÷ 0.05 + 0.04 = ?

(A) 0.52
(B) 0.124
(C) 0.016
(D) 0.16

48. निम्न में से कौन सी भारत की दूसरी सर्वाधिक महत्वपूर्ण फसल है ?

(A) गेहूं
(B) ज्वार
(C) बाजरा
(D) चना

49. भारत के मुख्य न्यायाधीश को ..... द्वारा पद की शपथ दिलाई जाती है।

(A) प्रधानमंत्री
(B) विधि मंत्री
(C) लोक सभा स्पीकर
(D) भारत के राष्ट्रपति

50. सार्वजनिक क्षेत्र में सबसे बड़ा बैंक कौनसा है ?

(A) भारतीय स्टेट बैंक
(B) पंजाब नैशनल बैंक
(C) आई सी आई सी आई बैंक
(D) एच डी एफ सी बैंक

51. निम्नलिखित किस वैज्ञानिक ने 'इलेक्ट्रॉन' की खोज की?
(A) जॉन डाल्टन (B) न्यूटन
(C) जे.जे. थामसन (D) कूलंब

52. भारत के रक्षा बलों की सर्वोच्च कमान किसमें निहित है :
(A) प्रधान मंत्री (B) रक्षा मंत्री
(C) गृह मंत्री (D) राष्ट्रपति

53. बिरला मंदिर कहां स्थित है ?
(A) अजमेर (B) बीकानेर
(G) जयपुर (D) जोधपुर

54. विम्बलडन चैम्पियनशिप–वर्ष 2014 के लिए महिला एकल का विजेता कौन है ?
(A) सेरेना विलियम्स (B) सफीन लिसिकी
(C) मारिया शारापोवा (D) इनमें से कोई नहीं

55. नक्षत्र 'एक्वेरियस' (Aquarius Constellation) का भारतीय नाम क्या है ?
(A) मीन (B) मिथुन
(C) कुम्भ (D) मकर

56. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 11 और लघुत्तम समापवर्त्य 7700 है। यदि एक संख्या 275 है, तो दूसरी संख्या है :
(A) 279 (B) 283
(C) 308 (D) 318

57. एक नदी में धारा का वेग 2 किमी./घंटा है। इसमें एक मोटर बोट 6 किमी. धारा के विपरीत जाकर वापिस प्रारम्भिक बिन्दु पर 33 मिनट में पहुँचती है। मोटर बोट की शान्त जल में चाल कितनी है ?
(A) 22 किमी./घंटा (B) 12 किमी./घंटा
(C) 32 किमी./घंटा (D) इनमें से कोई नहीं

58. भारत में वायुयान का निर्माण कहां होता है ?
(A) कानपुर/बेंगलूरु (B) कोलकाता/कोच्ची
(C) चेन्नई/मुंबई (D) दिल्ली/देहरादून

59. नैशनल डिफेंस अकादमी कहां स्थित है ?

(A) हैदराबाद (B) नई दिल्ली

(C) खड़कवासला (D) माऊंट आबू

60. हिमालय पर्वतारोहण संस्थान कहां है ?

(A) दार्जीलिंग (B) देहरादून

(C) मुर्मागोआ (D) दिसपुर

61. 'ज्यामिति के पिता' (Father of Geometry) कौन कहलाते हैं ?

(A) केपलर (B) यूक्लिड

(C) पाइथागोरस (D) न्यूटॅन

62. $3897 \times 999 = ?$

(A) 3883203 (B) 3893103

(C) 3639403 (D) 3791203

63. 1 से 31 के बीच की सम–संख्याओं का योग क्या होगा ?

(A) 6 (B) 128

(C) 240 (D) 512

64. $\frac{1}{3}, \frac{2}{9}, \frac{5}{6}, \frac{4}{27}$ का लघुत्तम समापवर्त्य क्या है ?

(A) $\frac{1}{54}$ (B) $\frac{10}{27}$

(C) $\frac{20}{3}$ (D) इनमें से कोई नहीं

65. 3, 2.7 और 0.09 का लघुत्तम समापवर्त्य है :

(A) 2.7 (B) 0.27

(C) 0.027 (D) 27

66. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन–सी है जिससे 1657 तथा 2037 को भाग दिये जाने पर क्रमशः 6 तथा 5 शेष बचें ?

(A) 123 (B) 127

(C) 235 (D) 305

67. $792.02 + 101.32 - 306.76 = ?$

(A) 586.58 (B) 893.34

(C) 997.11 (D) 1200.10

68. $0.014 \times 0.014 = ?$

(A) 0.000196 (B) 0.00196

(C) 19.6 (D) 196

69. $3640 \div 14 \times 16 + 340 = ?$

(A) 0.70 (B) 3525

(C) 4480 (D) इनमें से कोई नहीं

70. एक बाँस का $\frac{1}{10}$ भाग लाल, $\frac{1}{20}$ भाग सफेद, $\frac{1}{30}$ भाग नीला, $\frac{1}{40}$ भाग काला, $\frac{1}{50}$ भाग बैंगनी, $\frac{1}{60}$ भाग पीला तथा शेष भाग हरा है। यदि हरे भाग की लम्बाई 12.08 मीटर हो, तो बाँस की कुल लम्बाई कितनी है ?

(A) 16 मी. (B) 18 मी.

(C) 20 मी. (D) 30 मी.

71. A, B तथा C एक कार्य को क्रमशः 20 दिन, 30 दिन तथा 60 दिन में समाप्त कर सकते हैं। यदि A लगातार कार्य करे तथा हर तीसरे दिन B तथा C भी A के साथ मिलकर कार्य करें, तो कार्य कितने दिन में समाप्त होगा ?

(A) 12 दिन (B) 15 दिन

(C) 16 दिन (D) 18 दिन

72. यदि 6 आदमी तथा 8 लड़के एक काम को 10 दिन में समाप्त करें और 26 आदमी तथा 48 लड़के इस काम को 2 दिन में समाप्त करें, तो 15 आदमी तथा 20 लड़के इस कार्य को कितने दिन में समाप्त करेंगे ?

(A) 4 दिन (B) 5 दिन

(C) 6 दिन (D) 7 दिन

73. एक रेलगाड़ी की चाल एक कार की चाल से 50% अधिक है। दोनों एक ही समय पर एक ही बिन्दु A से चले तथा 75 किमी. दूरी पर स्थित दूसरे बिन्दू B पर एक साथ पहुँचे, क्योंकि जगह–जगह स्टेशनों पर रुकने में रेलगाड़ी ने 12.5 मिनट लगाये। कार की चाल कितनी है ?

(A) 100 किमी. / घण्टा (B) 110 किमी. / घण्टा

(C) 120 किमी. / घण्टा (D) 130 किमी. / घण्टा

74. दो साईकिल सवार एक ही बिन्दु से आरम्भ करके विपरीत दिशाओं में जाते है। इनमें से एक सवार उत्तर की ओर 18 किमी./घण्टा की चाल से तथा दूसरा दक्षिण की ओर 20 किमी./घण्टा की चाल से साईकिल चलाता है। कितने समय में वे एक दूसरे से 47.5 किमी. की दूरी पर होंगे ?

(A) $1\frac{1}{4}$ घण्टे (B) $2\frac{1}{4}$ घण्टे

(C) 2 घण्टे 23 मिनट (D) $2\frac{1}{2}$ घण्टे

75. बराबर लम्बाई की दो रेलगाड़ियाँ क्रमशः 46 किमी./घंटा तथा 36 किमी./घंटा की चाल से एक ही दिशा में समान्तर पटरियों पर जा रही हैं। तेज गति वाली रेलगाड़ी धीमी रेलगाड़ी को 36 सैकण्ड में पार कर जाती है। प्रत्येक रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है?

(A) 50 मीटर (B) 72 मीटर

(C) 80 मीटर (D) 82 मीटर

76. दूध के साथ पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण को क्रय–मूल्य पर बेचने से $16\frac{2}{3}\%$ लाभ हो?

(A) 1 : 6 (B) 6 : 1

(C) 2 : 3 (D) 4 : 3

77. विषम का पता लगायें :

331, 482, 551, 263, 383, 242, 111

(A) 263 (B) 383

(C) 242 (D) 111

78. विषम का पता लगायें :

3, 5, 9, 11, 14, 17, 21

(A) 21 (B) 17

(C) 14 (D) 9

79. विषम का पता लगायें :

10, 25, 45, 54, 60, 75, 80

(A) 10 (B) 45

(C) 54 (D) 75

80. अमेरिका में नरेन्द्र मोदी ने अपना भाषण कहां दिया था ?

(A) मैडिसन स्क्वायर गार्डन (B) व्हाइट हाऊस

(C) कैलिफोर्निया (D) इनमें से कोई नहीं

81. भारत में ज्वारीय (Tidal Forests) वन कहां पाए जाते हैं :

(A) पश्चिमी तट (B) पूर्वी तट

(C) मध्य भारत (D) पश्चिमी घाट

82. पृथ्वी के कितने प्राकृतिक उपग्रह हैं ?

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

83. निम्नलिखित में से किसको 'भारतीय नैपोलियन' कहा गया ?

(A) समुद्रगुप्त (B) विक्रमादित्य

(C) हर्ष (D) अशोक

84. 'सांख्य दर्शन' के संस्थापक कौन थे ?

(A) पतंजलि (B) कपिल

(C) जैमिनी (D) उलुक कन्नड

85. 'प्राईम मरिडियन' कहां से गुज़रती है :

(A) पेरिस (B) ग्रीनविच

(C) न्यूयार्क (D) दिल्ली

86. यूनानी राजदूत मेगस्थनीज़ को किसके दरबार में भेजा गया था :

(A) अशोक (B) चन्द्रगुप्त मौर्य

(C) समुद्रगुप्त (D) अकबर

87. सूर्य से पृथ्वी तक पहुंचने में प्रकाश को कितना समय लगता है ?

(A) लगभग 20 मिनट (B) लगभग 20 सैकेण्ड

(C) लगभग 8.5 मिनट (D) 8 घंटे 30 मिनट

88. निमोनिया में कौन–सा अंग प्रभावित होता है ?

(A) फेफड़े (Lungs) (B) आँत (Intestine)

(C) तंत्रिका तन्त्र (Nervous System) (D) यकृत (Liver)

89. लाल रक्त कण (RBC) किसमें बनते हैं :

(A) यकृत (B) गुर्दे

(C) फेफड़े (D) अस्थिमज्जा (bone marrow)

90. सही विकल्प का चयन करें जो श्रृंखला में दिए गए पैटर्न को जारी रखे और प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित करे :

120, 99, 80, 63, 48, ?

(A) 35 (B) 38

(C) 39 (D) 40

91. IPL के रूप में जाना जाने वाला प्रसिद्ध टूर्नामेंट किस से संबंधित है:

(A) टी–20 क्रिकेट (B) एक दिवसीय क्रिकेट

(C) टेस्ट क्रिकेट (D) यूरोपियन फुटबाल

92. ऐतिहासिक स्थान केदार नाथ हाल ही में समाचारों में था, यह कहां पर है:

(A) छत्तीसगढ़ (B) हिमाचल प्रदेश

(C) उत्तराखण्ड (D) जम्मू और कश्मीर

93. सुश्री मार्ग्रेट थैचर कहाँ की प्रधानमंत्री थी ?

(A) रूस (B) जर्मनी

(C) यू.के. (D) तुर्की

94. "LUX" किसकी SI इकाई है :

(A) ध्वनि (Sound)
(B) प्रदीपन (Illuminance)
(C) वज़न (Weight)
(D) गति (Speed)

95. $0.8 \times \underline{?} = 0.0004$

(A) 0.0005
(B) 0.005
(C) 0.5
(D) 0.00005

96. नर्मदा नदी अपने उद्गम स्रोत से निकलती है जो ..... राज्य में स्थित है।

(A) महाराष्ट्र
(B) उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश
(D) आन्ध्र प्रदेश

97. ओरल पुनर्जलीकरण घोल (ORS) किसका उपचार करने से संबंधित है :

(A) अरक्तता (Anaemia)
(B) बेरी–बेरी (Beri beri)
(C) कैंसर (Cancer)
(D) पेचिश (Diarrhoea)

98. अशोक ने किसके बाद बौद्ध धर्म अपनाया :

(A) पाटलिपुत्र की लड़ाई
(B) कलिंग युद्ध
(C) थानेसवर की पहली लड़ाई
(D) सामुगढ़ की लड़ाई

99. निम्नलिखित किस भाषा में बुद्ध उपदेश दिया करते थे ?

(A) उर्दू
(B) पाली
(C) हिन्दी
(D) अंग्रेजी

100. भारत के दूसरे राष्ट्रपति कौन थे ?

(A) डॉ॰ ज़ाकिर हुसैन
(B) श्री वी.वी. गिरि
(C) श्री एन. संजीवारेड्डी
(D) डॉ. एस. राधाकृष्णन